हिन्दी अनुभाग, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के सौजन्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में दिनांक 07 सितंबर, 2020 को "हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा त्रैमासिक प्रतिवेदन में उचित प्रविष्टि " पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के कुलसचिव श्रीमती नीलिमा शाह, भा.व.से. उपस्थित रही। कार्यशाला का संचालन करते हुए श्री शंकर शर्मा , सहायक निदेशक (राजभाषा) ने सर्वप्रथम विषय विशेषज्ञ के रूप में आंमत्रित श्री रमाकान्त मिश्र , मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प. तथा श्री अरविंद जौहरी, अनुभाग अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प. एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। कुलसचिव महोदया ने अपने सम्बोधन में सभी नव नियुक्त अवर श्रेणी लिपिकों को इस कार्यशाला से अधिकाधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कनिष्ठ अनुवादक, श्री दिनेश चन्द्र भी उपस्थित रहें।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में श्री रमाकांत मिश्र जी ने राजभाषा हिन्दी की स्वरूप और तिमाही प्रतिवेदन भरने संबंधी उपयोगी जानकारियां साझा की। सत्र के आरंभ में उन्होनें हिंदी के महत्व एवं केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में इसके कार्यान्वयन एवं अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। उन्होनें संपूर्ण सत्र के दौरान प्रतिभागियों के सभी प्रश्नों के संतोषपूर्ण हल दिए।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में 'टिप्पण एवं प्रारूप लेखन' पर श्री अरविंद जौहरी जी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई यह जानकारी बेहद ज्ञानवर्धक रही क्योंकि इस दौरान विशेष रूप से आपसी चर्चा कर समस्याओं का समाधान किया गया एवं नई जानकारियां साझा की गई।

कार्यशाला का सफल समापन प्रतिभागियों द्वारा प्रतिपुष्टि प्रश्नावली भरकर एवं धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित कर किया गाया।

प्रशिक्षण कार्यशाला
दिनांक - 07 सितम्बर 2020
विषय : "हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन एवं त्रैमासिक प्रतिवेदन में उचित प्रविष्टि"
आयोजक :

प्रशिक्षण कार्यशाला
दिनांक - 07 सितम्बर 2020
विषय : "हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन एवं त्रैमासिक प्रतिवेदन में उचित प्रविष्टि"
आयोजक